हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]













## खबर संक्षेप



### डॉ. रमन सिंह से मिले दया सिंह, स्वास्थ्य का जाना हालचाल

**भिलाई।** दया सिंह ने रायपुर स्थित निवास पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। हाल ही में कोयंबटूर में कमर संबंधी समस्या स्लिप डिस्क का सफल ऑपरेशन कराने के बाद डॉ. रमन सिंह को स्वस्थ और प्रसन्न देखकर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान दया सिंह ने उनके शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह का सार्वजनिक जीवन प्रदेश की सेवा, विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनका अनुभव और मार्गदर्शन समाज और जनप्रतिनिधियों के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहा है।

### सांखला बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक



**दुर्ग।** समाजसेवी और कारोबारी प्रकाश सांखला को दुर्ग जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ व्यापारिक वर्ग में भी उत्साह का माहौल है। प्रकाश सांखला ने अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वे इस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे तथा पार्टी की मजबूती और व्यापारियों के हित में बेहतर कार्य करेंगे। वर्तमान में वे कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष हैं तथा विगत 15 वर्षों से दुर्ग जिला सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष हैं।

# भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के आसपास से हटाया गया बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रेल प्रशासन ने भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के आसपास रेलवे भूमि पर वर्षों से कब्जा जमाकर बनी अवैध झोपड़ियों और कच्चेपक्के निर्माण पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। रेलवे का कहना है कि सुरक्षा, ट्रैक की मेंटेनेंस और स्टेशन क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए यह अभियान जरूरी है और इसे चरणबद्ध तरीके से जारी रखा जाएगा।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, स्टेशन के दोनों ओर रेलवे की जमीन पर लंबे समय से झोपड़ियां, अस्थायी दुकानें और टीनशेड जैसी संरचनाएं खड़ी हो गई थीं, जिससे ट्रेनों की आवाजाही के साथ-साथ पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ था। भारतीय रेलवे की भूमि प्रबंधन नीति और अनधिकृत कब्जा हटाने के नियमों के तहत पहले सर्वे किया गया, कब्जाधारियों की सूची तैयार की गई और उन्हें नोटिस देकर हटने का मौका दिया गया।

## रेलवे प्रशासन ने पहले भेजा नोटिस, कब्जा नहीं हटाए जाने पर की कार्रवाई

### कार्रवाई के दौरान लोगों ने किया विरोध

सुबह बुलडोजर, जेसीबी और मजदूरों के साथ रेलवे की टीम मौके पर पहुंची तो कुछ स्थानों पर विरोध की स्थिति भी बनी, लेकिन जीपीआर और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही। कई झोपड़ियों को जमींदोज कर दिया गया, सड़क और स्टेशन की ओर जाने वाले रास्तों को खाली कराया गया और मलबा हटाकर जमीन को रेलवे के कब्जे में लिया गया।



### 15 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का कब्जा नियम विरुद्ध

अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक के आसपास 15 मीटर तक के हिस्से में किसी भी तरह का निर्माण रेलवे एक्ट और पब्लिक प्रिमाइसेज (इविक्शन ऑफ अनऑथराइज्ड ऑक्युपेंट्स) एक्ट के खिलाफ है। दुर्घटना की स्थिति में भारी जनहानि का कारण बन सकता है। रेलवे ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी बिचौलिये या फर्जी दलाल के बहकावे में आकर रेलवे भूमि पर कब्जा न करें, अन्यथा कभी भी ऐसी सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### जीवनदीप समिति की बैठक में लिए गए थे कई निर्णय

# 7 महीने बाद भी नहीं आई एम्बुलेंस कंडम वाहनों से चलाया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में जीवनदीप समिति की बैठक में करीब 7 महीने पहले सुपेला अस्पताल के लिए डिस्ट्रिक माइनिंग फंड डीएमएफ से दो एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम युक्त एम्बुलेंस और मरच्यूरी भवन के मेंटेनेंस के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक यह घोषणा जमीन पर नहीं उतर पाई है।

उल्लेखनीय है कि 6 अगस्त 2025 को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में जीवनदीप समिति की बैठक में कई घोषणाएं की गई थी। इसमें कर्मचारियों के वेतनवृद्धि सहित कुछ कार्य पूर्ण हुए हैं लेकिन दो एडवॉन्स लाइफ सपोर्ट सिस्टम युक्त एम्बुलेंस अब तक अस्पताल को प्राप्त नहीं हुए। वहीं मरच्यूरी भवन के जीर्णोद्धार भी नहीं हो पाया।

हालत यह है कि सुपेला अस्पताल में आज भी एम्बुलेंस के नाम पर वर्षों पुराने वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके चलते मरीजों को समय पर और सुरक्षित परिवहन सुविधा नहीं मिल पा रही है। आपातकालीन स्थिति में बेहतर एम्बुलेंस की कमी सीधे तौर पर मरीजों की जान पर जोखिम बढ़ा रही है।

## मरच्यूरी का रिनोवेशन भी अटका



### प्रक्रिया में है, जल्द मिलेंगी सुविधाएं

एसडीएम को पत्र भेजा गया था। एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम युक्त दो एम्बुलेंस और मरच्यूरी का जीर्णोद्धार का कार्य प्रक्रिया में है। जल्द सुविधाएं मिलने लगेंगी।
**-डॉ. पीयम सिंह,** प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

### पीएम जन औषधि केन्द्र बाहर नहीं किया गया शिफ्ट

जीवनदीप समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि पीएम जन औषधि केन्द्र को अस्पताल के अंदर से बाहर शिफ्ट किया जाएगा, ताकि लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जन औषधि केन्द्र अस्पताल के अंदर होने से अधिकतर लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। अक्सर अस्पताल आने वाले मरीज ही जन औषधि केन्द्र से दवा खरीद रहे हें। उल्लेखनीय है कि सिविल अस्पताल सुपेला में दो मेडिकल स्टोर संचालित है, जिसमें से एक मुख्य द्वार पर धनवंतरी मेडिकल स्टोर और मुख्य अस्पताल के अंदर जन औषधि केन्द्र संचालित हैं। जहां से लोग सस्ते दामों में दवा खरीदते हैं।

# सफाई कर्मियों ने की सुरक्षा उपकरण तत्काल उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रायपुर के सेप्टिक टैंक में उतरे तीन सफाई कामगारों की जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन और छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने सफाई कामगारों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है।

- रायपुर के मृत सफाई कामगारों को दी गई श्रद्धांजलि




नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन और छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति की ओर से बताया गया कि सफाई कर्मी अत्यंत विषम और जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। सीवरेज और नालियों की सफाई के दौरान अक्सर ऐसी जानलेवा परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां जहरीली गैसों के कारण दम घुटने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं होने से जीवन पर निरंतर संकट बना रहता है।

हाल ही में रायपुर में सिवरेज की सफाई के दौरान तीन सफाई कर्मियों की जहरीली गैस के कारण दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। इसका प्रमुख कारण यह है कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए और उन्हें जोखिम भरे कार्य के लिए बाध्य किया गया।

रोजगार छिन जाने के भय से मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने को विवश हो जाते हैं। सिर्फ मुआवजा देने से जिवन लौट कर नही आ सकता। सभी सफाई कर्मियों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण जैसे गैस मास्क, दस्ताने, बूट, सुरक्षा किट आदि तत्काल उपलब्ध कराए जाना चाहिए। श्रद्धांजली कार्यक्रम में पुष्पा, मैना, सुखवंतिन, मोतम, नेमन, कलादास, संतोषी, चम्पी आदि उपस्थित थे।

### भिलाई आईटीआई में 24 मार्च को रोजगार के लिए किया जाएगा पंजीयन

**दुर्ग।** आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई द्वारा 24 मार्च को एक दिवसीय जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जीई रोड पावर हाउस परिसर में होगा, जिसमें विभिन्न कंपनियां आईटीआई, 10वीं और 12वीं पास युवाओं की भर्ती करेंगी। अभ्यर्थी सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई की मार्कशीट, प्रमाण पत्र और रिज्यूम लेकर उपस्थित होना होगा।



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

12 7 महीने बाद भी नहीं आई एम्बुलेंस कंडम वाहनों ....



14 छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने लिया संकल्प





Agarwal's
MN JEWEL
Purity & Trust
इस नवरात्री में करें, सबसे सुरक्षित निवेश !!
MAKING CHARGE
15% Off* on 925 Silver
Flat 6%* on Plain Gold Jewellery
100% Gold Exchange
Light Weight Collection & Hall Mark Jwellery
पता: घड़ी चौक के बाजू, जी.ई. रोड, सुपेला-भिलाई. 78801 92230 - 31
सरल बचत योजना
PAY FOR 11 Months + GET 1 Month Free
आसान किश्तें
* T&C Apply
Deepak Advts.

## अवकाश के दिनों में भी चलता है मूल्यांकन

# व्यापमं ने बोर्ड मूल्यांकन केंद्रों को बनाया परीक्षा केंद्र, उत्तरपुस्तिकाओं की जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने दुर्ग जिले के बोर्ड के मूल्यांकन केंद्रों को परीक्षा केंद्र बना दिया है। जिसकी वजह से उत्तरपुस्तिकाओं की जांच डेढ़ दिन तक बंद रहेगी।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दुर्ग के शासकीय दीपकनगर इंग्लिश मीडियम स्कूल और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला को मूल्यांकन केंद्र बनाया है। इन दोनों केंद्रों में दसवी और बारहवीं की उत्तरपुस्तिकओं का मूल्यांकन कार्य 16 मार्च से चल रहा है। खास बात यह है कि अवकाश यानी रविवार हो या फिर अन्य सरकारी छुट्टी इसमें भी मूल्यांकन कार्य चलता है लेकिन व्यापमं द्वारा परीक्षा केंद्र बनाने की वजह से शनिवार के दूसरे हॉफ और रविवार को पूरे दिन मूल्यांकन कार्य नहीं चलेगा।



जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा इन केंद्रों में जाकर मूल्यांकन की स्थिति का ब्योरा भी जुटा रहे हैं ताकि निर्धारित समय पर मूल्यांकन कार्य पूरा किया जा सके।

### 94 हजार उत्तरपुस्तिकाओं की होनी है जांच

दीपकनगर व आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मूल्यांकन केंद्रों में बोर्ड ने 94 हजार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी है। बारहवीं की करीब 30 हजार उत्तरपुस्तिकाओं की जांच होनी है। इसी तरह दसवी की 64 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। दोनों की मूल्यांकन केंद्रों में रोजाना वेल्यूअरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसलिए कि बोर्ड ने 7 अप्रैल तक सभी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लेने की हिदायत दी है। इसलिए रविवार अवकाश के दिनों में भी मूल्यांकन कार्य जारी है।

### शनिवार को परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की

व्यापमं ने शनिवार के दूसरे हॉफ में रविवार को आयोजित परीक्षा के अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था करवाई। कमरों में टेबल-कुर्सियों को व्यापमं के निर्देश के हिसाब से जमवाई गई। टेबलों में परीक्षार्थियों के रोल नंबर लिखे गए। पेयजल, बिजली और साफ-सफाई आदि के इंतजाम किए गए। सूचना बोर्ड में व्यापमं के निर्देशों को चस्पा किया गया। जिसकी वजह से बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच सुबह से दोपहर तक ही चल पाई।

### आज होगी व्यापमं की ये परीक्षा

व्यापमं द्वारा 22 मार्च रविवार को प्रयोगशाला सहायक और सैम्पलर पदों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों से दो घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। एडमिट कार्ड के साथ मूल फोटो आईडी अभ्यर्थियों को लाना अनिवार्य किया गया है। हल्के रंग के आधे बांह वाली शर्ट पहनकर आने कहा गया है।

### परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं मूल्यांकन केंद्रों को

शासकीय दीपक नगर इंग्लिश मीडियम स्कूल और शासकीय आदर्श कन्य उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग को व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षा केंद्र बनाया है। ये दोनों ही स्कूल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के मूल्यांकन केंद्र हैं। दसवी व बारहवीं बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच यहां हो रही है। लेकिन शनिवार आधे दिन और रविवार पूरे दिन मूल्यांकन नहीं हो पाएगा।

-कृष्णा अग्रवाल व जे मनोहरण, मूल्यांकन केंद्र प्रभारी

# वृद्ध महिला से झपटमार करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



घर से सुबह टहलने निकली वृद्ध से झपटमार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड निवासी शशि गोंड सुबह टहलने निकली थी। अज्ञात स्कूटी में सवार युवक ने झपट्टा मारकर गले का सोने का चेन पार कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला गया। संदेह होने पर बैरागी मोहल्ला, भिलाई निवासी ज्वाला बैरागी,कर्मा चौक, रामनगर, गुढ़ियारी रायपुर अनुज सोनी को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि झपटमारी कर वृद्ध महिला का गले में पहनी सोने की चेन को लूटकर फरार हो गए थे। चेन को रामनगर रायपुर स्थित ज्वेलर्स में बेचना स्वीकार किया। जेवरात की कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है।

AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
BEST ORTHOPAEDIC Care in Chhattisgarh
DR. JAYESH KUMAR SONI
MBBS, MS (Orthopaedic)
FIAS, FKSA, FRJR, FIJR
Consultant
Arthroscopy (Sports Medicine), Trauma & Robotic Joint Replacement Surgeon
EXPERTISE IN
Arthroscopy | Sports Injury | Total Knee Replacement
Hip Replacement | Complex Fracture | Deformity Correction
2026 MARCH 23-24
FREE ORTHO CHECKUP CAMP
MONDAY & TUESDAY, TIME - 10:00AM TO 2:00 PM
SPECIAL DISCOUNT ON INVESTIGATIONS
Book An Appointment :- 97554 21861, 0788-2990458
NH 53, Near D- Mart, Kadambari Nagar, Durg, Chhattisgarh

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
क्या आपने प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप करवाया है?
अगर नहीं तो आज ही अपना अपाइंटमेंट बुक कीजिए 7773010917
क्यों जरूरी है?
- बीमारी के इलाज से बेहतर, बीमारी की रोकथाम पर ध्यान
- जीवनशैली में सुधार
- स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता
- मन की शांति
कॉर्पोरेट कर्मचारियों के लिए अधिकृत
CSPC | SBI | Bank of Baroda | Reliance | LIC | Power Grid Corporation of India Ltd.
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 72250-59701
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं। अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें। दीप जलाएं, पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें। वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।

## कारणों का खुलासा नहीं, पुलिस कर रही जांच

# बरहापुर में लगी आग, सारा सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा थाना अंतर्गत बरहापुर में बीती रात करीब 3 बजे एक मकान में अचानक आग लगने से पूरा घर जलकर खाक हो गया। आग धर्मराज साहू के घर में लगी, जिसमें मकान सहित घर का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया।

आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से सहायता की मांग की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसकी जांच की जा रही है।

# प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम समोदा में मजदूर पर नशे की हालत में परमेश्वर यादव ने रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया था। पुलिस में शिकायत करने के बाद आरोपी परमेश्वर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। आरोपी से एक धारदार हथियार जब्त किया है। जेवर सिरसा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विनय कुमार पटेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### आज भी खुले रहेंगे काउंटर

**दुर्ग।** दुर्ग निगम का मुख्य कार्यालय रविवार 22 मार्च को टैक्स जमा करने के लिए खुला रहेगा। इसके लिए अलगा से काउंटर बनाया गया है। बता दें कि 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर 17 प्रतिशत अधिभार वसूला जाएगा। 31 मार्च तक शनिवार और रविवार को भी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक काउंटर खुले रहेंगे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम डुमरडीह नहर पार स्थित होटल के पास अवैध शराब बेच रहा था। टीम ने दबिश देकर ग्राम पहंडोर निवासी चेतन ढीमर को पकड़ा है। आरोपी के पास से विभिन्न प्रकार की देशी विदेशी मदिरा जब्त किया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 12 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की, 13 पौवा देशी मसाला रोमियो, 11 पौवा देशी मदिरा प्लेन यूनिक जब्त किया गया।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लेक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

DELHI IAS ACADEMY RAIPUR
Attention Dear All Parent & Aspirants
CGPSC 3 Year FOUNDATION BATCH
After Class 12th
Batch Starting From
31st March 2026 | Evening Batch
Who Can Join
- B.A./ B.COM/ B.Sc/ BE & 1st Year Student
- Aspirants Targeting CGPSC / UPSC early Preparation
Key Highlights
- Experienced Faculty Guidance
- Study Material (Hindi/English Medium)
- Offline Classes
Structure Of 3 Year Plan
1st Phase — Duration - 08 Months: NCERT Foundation; Subject Wise Preparation; Mentorship Programme; NewsPaper Reading & Analysis
2nd Phase — Duration - 20 Months: Prelims + Mains Preparation; Answer Writing Practice; Test Series Evalution; Mentorship Programme
3rd Phase — Duration - 08 Months: Current Affairs Mastery; Personality Developement; Advance Answer Writing; Final Mock Tests
Call Now
+91 7880111516, +91 7880111266
2nd Floor, Vandana Bajaj Showroom Opposite Rajkumar College,G.E. Road, Raipur
Khanna

## खबर संक्षेप

### सिलोदा के विद्यार्थियों का नवोदय में हुआ चयन



**अण्डा।** ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के ग्राम खपरी स्थित प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लगातार तीन वर्षों से विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय, बोरई (दुर्ग) में चयन होना इस स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। वर्ष 2024 में ओमन साहू एवं वीना मांडवी का चयन हुआ। इसके बाद वर्ष 2025 में भावेश साहू ने सफलता प्राप्त की। वहीं वर्ष 2026 में नवीन कुमार साहू, तान्या साहू एवं वैष्णवी ठाकुर ने नवोदय विद्यालय में चयनित होकर इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का समर्पण और कड़ी मेहनत रही है। विशेष रूप से शिक्षक दुष्यंत कुंभकार का मार्गदर्शन एवं सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

### सुरेश का कार्यक्रम आज

**अंडा।** धनोरा में रविवार को शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक राकेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक एवं पूर्णिमा साहू जस गायिका रायपुर वाले का कार्यक्रम रखा गया है। पंचमी सोमवार को शाम 7 बजे से जय मां शाकंभरी सेवा भजन मंडली सिवनी मोवा रायपुर वाले महिला अपने दरबार में कार्यक्रम देगे। यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने दी।

## निधन

### अन्ना रानी सिन्हा



**भिलाई।** अन्ना रानी सिन्हा पति स्व. एसएस सिन्हा का शनिवार को निधन हो गया। वे सोमनाथ सिन्हा, बिश्वनाथ सिन्हा व मीना दत्ता की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 10 बजे आदर्श नगर चरोदा निवास से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### शांति देवी परगनिहा



**भिलाई।** मैत्री कुंज निवासी सेवाराम परगनिहा की पत्नी शांति देवी परगनिहा (78) का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को निवास से दोपहर 12 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे शेखर, राजेश, निशिकांत परगनिहा की मां थी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**

**प्रेस - विज्ञापन**

**विषयः- स्थल निरीक्षण बाबत्।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ. क्र. 215, दिनांक 13/11/2025, के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17, भूमिस्वामी सरिता साहू, ध.प. जितेन्द्र कुमार साहू, निवासी मोती पारा, दुर्ग, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला, स्थित भूमि खसरा नं. 171/53, रकबा 0.012 हे. का स्थल निरीक्षण किया जाना है, जिसकी चौहद्दी सीमा उत्तर में 25 फीट रास्ता, दक्षिण में उमेद का प्लाट, पूर्व में मुकेश भाई का प्लाट, तथा पश्चिम में अवधेश नारायण का प्लाट स्थित है। उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण दिनांक 27/03/2026 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11:00 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है, उन भूमिस्वामीयों को उस खसरा नं. भूनि में कोई भी भूमि स्वामी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 20/03/2026

राजस्व निरीक्षक, सिकोला
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**अंडा हाईस्कूल में परियोजना स्तरीय बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन**

# छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त बनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंजोरा



**अधिकारियों ने दी टीकाकरण की जानकारी**

महिला एवं बाल विकास विभाग के एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के गौरव ग्राम पंचायत अंडा (गांधीनगर) के शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परियोजना स्तरीय बाल विवाह प्रतिषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य अजीत चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि ग्राम सरपंच दिग्विजय सिन्हा और प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर थे। दुर्ग ग्रामीण परियोजना अधिकारी उषा झा ने बाल विवाह प्रतिषेध अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के बारे में संक्षिप्त चर्चा की। जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, कुपोषण मुक्त अभियान एवं बाल विवाह प्रतिषेध अभियान जैसे विभिन्न जन जागरुकता कार्यक्रम की सराहना की। अजीत चंद्राकर ने विभागीय योजनाओं और कार्यकर्ता सहायिका के कार्यों की सराहना की। सरपंच सिन्हा के द्वारा वर्तमान समय में मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर साक्षी ठाकुर ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी जो कैंसर के बचाव के लिए 14 वर्ष से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क जिला स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगाया जा रहा है। उच्चतर माध्यमिक शाला की प्राचार्य जांबुलकर ने बच्चों को स्कूल की अन्य गतिविधियों के साथ साथ पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की सलाह दी। रक्षा टीम से उप निरीक्षक संगीता मिश्रा ने साइबर अपराध से बचने और डिजिटल अरेस्ट के प्रति सजग रहने के बारे में जानकारी दी। अधिवक्ता विभा मिश्रा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे मे जानकारी दी।

**सामाजिक कार्य के लिए किया गया सम्मानित**

पॉक्सो एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो लैंगिक अपराधों से पीड़ित हैं के संबंध में कानूनी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक सोनल सोनी और चंद्रकला वर्मा ने किया। अंडा पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारिणी,शकुन, दीपिका, द्रोपती, उषा, सहायिका जुलेखा बेगम, कुसमा, गिरिजा, रीना और धर्मिन को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सभी बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीण जन को बालविवाह प्रतिषेध की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन परियोजना अधिकारी उषा झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## गांव स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को दी प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

■ पाटन में विकासखण्ड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में स्वास्थ्य–स्वच्छता व पोषण पर मंथन

सेलुद ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति द्वारा मंडी प्रांगण पाटन में विकासखण्ड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ पंचायत की अवधारणा तभी साकार हो सकती है, जब गांव स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण को प्राथमिकता दी जाए। सम्मेलन में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## गैस की काला बाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

■ ग्रामीणों ने एजेंसियों पर लगाया आरोप



पाटन क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि आम जनता गैस के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है, जबकि कुछ होटल और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।इन दिनों पाटन और आसपास के गांवों में गैस की किल्लत चरम पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसियों में सिलेंडर नहीं होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर बाजार में वही सिलेंडर अधिक कीमत पर आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। जानकारी के अनुसार कई जगहों पर एक घरेलू सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपये या उससे भी अधिक वसूली की जा रही है। बढ़ती महंगाई के बीच इस तरह की कालाबाजारी ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की परेशानी और बढ़ा दी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पाटन नगर के कई होटलों और ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम उपयोग हो रहा है। नियमों के अनुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कमर्शियल सिलेंडर का इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन यहां सस्ते घरेलू सिलेंडरों से काम चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यही वजह है कि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कुछ एजेंसियों द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक सिलेंडर छिपाकर रखे जा रहे हैं और बाद में उन्हें ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। इस पूरे मामले में संबंधित विभाग और प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। शिकायतें होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं।



## बिजनेस साइट

### बिना टांके के हड्डी-जोड़ों का अत्याधुनिक निःशुल्क इलाज 23 व 24 को



**दुर्ग।** आरोग्यम सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से 23 और 24 मार्च को हड्डी, घुटने व जोड़ों के मरीजों के लिए फ्री ऑर्थो चेकअप कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप सोमवार और मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। कैंप में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. जयेश कुमार सोनी मरीजों की जांच कर परामर्श देंगे। वे आर्थ्रोस्कोपी, स्पोर्ट्स इंजरी, ट्रॉमा और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट के विशेषज्ञ हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर में घुटने के दर्द, स्पोर्ट्स इंजरी, टोटल नी रिप्लेसमेंट, हिप रिप्लेसमेंट, कॉम्प्लेक्स फ्रैक्चर और डिफॉर्मिटी करेक्शन जैसी समस्याओं की जांच और सलाह दी जाएगी। यहां बिना बड़े ऑपरेशन के छोटे से चीरे और दूरबीन विधि से अत्याधुनिक इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है, जहां कोई टांके नहीं लगते। इससे मरीजों को कम दर्द, कम समय में रिकवरी और बेहतर उपचार का लाभ मिल सकता है। कैंप का आयोजन एनएच-53, डी-मार्ट के पास, कादंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में होगा।

### पासपोर्ट की समस्या का तुरंत समाधान : श्रीकांत जैन



**भिलाई।** पासपोर्ट बनवाने से लेकर उससे जुड़ी कोई भी समस्या हो तो उसके लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते हैं। वो 1995 से लगातार पासपोर्ट व ट्रेवल्स बिजनेस से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से सम्बंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। वो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 2 से 10 दिनों और नार्मल पासपोर्ट 30 से 35 दिनों बनवा देते हैं। वो भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि हैं। पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओ के लिए सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित उनके ऑफिस मोदीकेयर डी पी स्टोर पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही उनकी हेल्प लाइन नंबर 98271-16933, 94791-74525 पर 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं। उनकी संस्था पर एयर टिकट, होटल बुकिंग और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई, यूरोप आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध हैं। इस नाम से केवल एक ही शाखा है, दूसरी शाखा में जाकर धोखा ना खाएं।

### हर्पिस रोग एक गंभीर यौन संक्रमण, आयुर्वेद से ही जड़ से इलाज



**भिलाई।** स्टेशन रोड दुर्ग स्वरूप टॉकिज के पास ब्राईट फर्नीचर के पीछे संचालित यौन और चमड़ी रोग में वायरो रिसर्च एवं स्किन केयर के संचालक डॉ. एचसी अग्रवाल ने बताया कि यह एक न्यूरोट्रापिक वायरस है, जो आंखों के खराब होने के साथ शरीर के ऊपरी हिस्से को लकवा मारने जैसा निष्क्रिय कर देता है। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने खुजली फोड़े फुंसी, गुप्तांग का फटना, लाल होना, मुंह में छाले होने से साधारण दवा से दबा दिया जाता है जो बार-बार होते है। कई लोगों को एचआईवी रोग पाणितिय भी हो चुका है। इसे किसी भी साधारण दवा से दबाने की गलती न करें क्योंकि किसी भी वायरस की दवा आज तक नहीं बनी है। कोई वायरस जैविक संरचना के अंदर नहीं आता। इसलिए यह कोई भी दवा से मारा नहीं जा सकता। इसकी स्थायी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन द्वारा ही जड़ से नाश होना संभव है।

**विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल**

## मचांदुर में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मचांदुर में साहू समाज द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। विधायक ललित चंद्राकर ने माता कर्मा का आशीर्वाद लेकर क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं और महाप्रसाद खिचड़ी ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान माता कर्मा और दानवीर भामाशाह के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान में योगदान देने वाले सम्माननीय नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कर्मा जयंती का पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित शोभायात्राएं और धार्मिक कार्यक्रम समाज में एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि माता कर्मा के आदर्श हमें करुणा, समानता और समर्पण के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष मंशाराम साहू, शिव कुमार साहू, युवराज सिंह साहू, अमृष कुमार साहू, पूर्व सरपंच दिलीप साहू, सरपंच युगल किशोर साहू, उपसरपंच दुस्यंत साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### अस्मिता लीग का हुआ आयोजन



**उतई।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत भारत एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर देश के चयनित 250 स्थान पर अस्मिता लीग का आयोजन किया गया। खेलो इंडिया की 'अस्मिता' पहल के तहत जिला दुर्ग इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बना। खेल के माध्यम से महिला सशक्तीकरण का जश्न मनाने के लिए 500 से अधिक युवा लड़कियों और महिलाओं ने ट्रैक पर अपनी प्रतिभा दिखाई। यह महत्वपूर्ण आयोजन माई भारत युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय खेल प्राधिकरण का एक संयुक्त प्रयास था। असाधारण गति और साहस का प्रदर्शन करते हुए, 100 मीटर स्पर्धाओं में दृष्टि वर्मा, मोहिनी यादव, एश्वर्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। 400 मीटर वर्ग में दामिनी, मोहिनी यादव, एश्वर्या ने बाजी मारी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य हेतु फिटनेस का डोज बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में नीलम चंद्राकर सभापति जनपद पाटन भी उपस्थित रही।

### नायक ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश



**सेलूद।** कुशल महिला – खुशहाल परिवार" अभियान के तहत पाटन पत्रकार संघ भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने महिला सशक्तिकरण को समाज के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि शिक्षित, सक्षम एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज का निर्माण करती है। आयोजन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके सुव्यवस्थित प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### रंग तेरस मनाया परंपरागत तरीके से



**जामुल।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम से धुर (तेरस) तिहार मनाया गया। बजरंग पारा स्थित मानस भवन, वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित कार्यक्रम में नगाड़ा बाजा की गूंज के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच रंग तेरस त्रियोदशी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही। इस दौरान पत्रकार पन्नालाल यादव, कलीराम घुर्वे, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना दुर्ग जिला अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा वर्मा, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुर्ग जिला उपाध्यक्ष अप्पू मेश्राम, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जामुल नगर अध्यक्ष पूरन साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुर्ग जिला महामंत्री पप्पू मेश्राम, जामुल नगर साहू समाज अध्यक्ष जनक साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जामुल मंत्री अज्जू साहू, कवि इस्माइल आजाद, दिलीप सार्वा, शत्रुहन साहू, रामचरण सेन, मनहरण साहू, परस चौहान, निमेंद्र साहू, भूपेंद्र बंछोर, राकेश साहू सहित बड़ी संख्या में जामुल पुरानी बस्ती के वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर संपादक पन्नालाल यादव द्वारा संपादित पुस्तक फाल्गुनी फुहार का विधिवत विमोचन भी किया गया।

### पत्रकारों ने की जगन्नाथ पुरी की तीर्थ यात्रा



**धमधा।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला इकाई दुर्ग के 50 पत्रकार साथियों की 4 दिवसीय तीर्थ यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह यात्रा जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क के पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन एवं भ्रमण के साथ पूर्ण हुई। इसी में धमधा संघ के सभी साथी अध्यक्ष निकेत ताम्रकार के नेतृत्व में सम्मिलित हुए। इस यात्रा का शुभारंभ गजेंद्र यादव (शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) की शुभकामनाओं, विजय बघेल (सांसद, दुर्ग लोकसभा) एवं संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस तीर्थ यात्रा में जिला अध्यक्ष ललित साहू, जिला महासचिव ईश्वर साहू, जिला सचिव रोशन सिंह बंभोले, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, संरक्षक वीरेंद्र पुरी गोस्वामी, जिला कार्यकारी सदस्य अखिलेश साहू, अश्वनी जांगड़े, जिला मीडिया प्रभारी रवि सेन, जिला सह सचिव करण ताम्रकार, शहर अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, धमधा ब्लॉक अध्यक्ष निकेत ताम्रकार, अमलेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष करण साहू,रुपेश साहू, घनश्याम साहू, सीपी सिन्हा, कैलाश साहू, जीवन नाटक, हरीश वर्मा, रामजी निर्मलकर, अश्वनी जांगड़े, बागों (कैमरामैन), दुर्गेश कुमार, संजय साहू, उदय साहू, रोशन बंभोले, राम साहू, मुकेश देवांगन, आकाश सोनी, तरुण हरिहरनो, दिलीप, साकेत श्रीवास्तव, रामकुमार यादव, धूलेश्वर साहू, सुधीर ताम्रकार, खिलेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, अश्वनी साहू, गोविंद सुरेश सोनकर, होरी साहू, परसराम साहू, श्रवण साहू, महेश, राजू लाल, खिलेश गंजीर,रामकुमार यादव,सचिन गुप्ता, डुलेश्वर साहू सहित विभिन्न ब्लॉकों—पाटन, अमलेश्वर, अंडा, उतई, अहिवारा, कुम्हारी, धमधा एवं दुर्ग शहर के सभी पत्रकार साथी शामिल हुए।

## डबल इंजन सरकार में बढ़ती महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमरः द्वारिका साहू



**उतई।** दुर्ग जिला कांग्रेस कमेंटी दुर्ग ग्रामीण के प्रवक्ता एवं नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नाम पर देश की जनता को केवल महंगाई की सौगात दी जा रही है। लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है और सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। द्वारिका साहू ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, आटा-दाल, सब्जियों सहित रोजमर्रा की लगभग हर वस्तु की कीमत आसमान छू रही है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। रसोई चलाना आम परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर लगातार कीमतें बढ़ा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा देश की जनता भुगत रही है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ युवक पुलिस पकड़ में



**भिलाई।** गांजा के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 5.620 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 3.80 लाख रुपए की है। बोरी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सीजी 07 वीएन 3586 से अवैध गांजा बेचने के लिए आरोपी ग्राम नवागांव से डोमा की ओर जा रहा है। पुलिस ने डोमा मार्ग डबरी तालाब के पास घेराबंदी कर दबिश दिया। पुलिस ने आरोपी वार्ड 17 महावीर चौक नवागांव बोरी निवासी ऋषि कुमार सेन को पकड़ा। आरोपी के पसा से पुलिस ने गांजा और बाइक को भी जब्त किया है।आरोपी के पास से पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### कुर्की टीम ने करदाताओं से 5 लाख वसूल किए

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में राजस्व विभाग द्वारा बकाया संपत्तिकर वसूली को लेकर सख्त कार्यवाही की जा रही है। निगम के कुर्की टीम ने बकाया संपत्तिकर दाताओं से 5,47,315.00 रूपये वसूल किये। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से संपत्तिकर बकाया रखने वाले करदाताओं को पूर्व में नोटिस दिया गया है। बकाया राशि नहीं करने वाले बकायादारों से टीम मौके पर जाकर मिल रहे है और उन्हे राशि जमा करने प्रेरित किया जा रहा है। कार्यवाही के दौरान संबंधित करातादाओं से बकाया राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही जारी रहेगा। नगर निगम भिलाई को क्षेत्र के करदाताओं से अपली है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान करे, ताकि किसी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

## सॉफ्टवेयर अपडेट : जिले के 4.90 लाख कार्डधारियों को मिलेगी नई सुविधा

# 656 राशन दुकानों की पांच दिनों तक ई पॉश मशीनें बंद, तीन महीने का राशन देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**25 मार्च तक बंद रहेगा दुकानों में खाद्यान्न वितरण**

दुर्ग जिले के 656 राशन दुकानों में शनिवार से खाद्यान वितरण बंद हो गया है। पांच दिनों तक यानी 25 मार्च तक यह बंद रहेगी। इसकी वजह सॉफ्टवेयर को अपडेट करना बताया जा रहा है । अपडेट होने की वजह से राशन दुकानों में चावल, शक्कर, नमक, केरोसिन व अन्य खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं होगा। सॉफ्टवेयर इसलिए अपडेट किया जा रहा है क्योंकि प्रदेश सरकार की अप्रैल महीने से तीन महीने का एक साथ राशन वितरण करने की योजना है। जिसकी तैयारी की जा रही है। इसे लेकर खाद्य विभाग द्वारा साफ्टवेयर अपडेट किया जा रहा है। सभी प्रभावित राशन दुकानों में हितग्राहियों को इस बारे में जानकारी देने के लिए सूचना भी चस्पा की गई है। ताकि राशन कार्ड के हितग्राही को परेशानी ना उठानी पड़े। अधिकारियों ने बताया कि साफ्टवेयर का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सीधे तीन महीने का खाद्यान्न उपभोक्ताओं को वितरित किया जाएगा। इसे लेकर तैयारी की जा रही है।



### मार्च महीने का राशन नहीं ले पा रहे हितग्राही

जिले सहित प्रदेशभर में मार्च महीने का राशन वितरण 1 मार्च से 20 मार्च तक हुआ है। 21 मार्च से ई पॉश मशीनें एक साथ बंद कर दी गई। जिसकी वजह से इस दिन से छह दिनों तक राशन वितरण नहीं पीडीएस दुकानों में बंद है। खाद्य विभाग को राज्य से यह सूचना है कि 25 मार्च के बाद सॉफ्टवेयर अपडेशन कार्य पूरा हो जाएगा और ई पॉश मशीनें शुरू हो जाएगी। लेकिन इस कार्य में समय और लग सकता है।

### 30% राशनकार्डधारी इस महीने का नहीं ले पाए हैं खाद्यान

दुर्ग जिले में जिले में इस समय 4,95,400 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इनमें 74,935 अंत्योदय योजना, 962 निराश्रित, 2,97,471 प्राथमिकता, 2,967 निःशक्तजन व 1,18065 एपीएल श्रेणी के राशनकार्ड हैं। इन राशनकार्डों में 17,23904 लाभार्थी शामिल हैं। इन राशनकार्डधारियों को हर माह सरकारी दुकानों से सस्ते दर पर राशन दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार इनमें से 30 प्रतिशत हितग्राहियों को इस महीने का राशन नहीं मिल पाया है। इस हिसाब से करीब 1.50 लाख राशनकार्डधारी राशन नहीं ले पाए हैं। वे लगातार राशन दुकानों के चक्कर काट रहे हैं।

### अप्रैल, मई और जून का राशन एक साथ

विभागीय सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार अप्रैल, मई और जून महीने का राशन एक साथ देने की तैयारी कर रही है। तीन महीने का एक साथ राशन हितग्राहियों को दिया जाएगा। इसकी वजह है कि धान खरीदी के बाद मिलरों ने मिलिंग का चावल जमा करना शुरू कर दिया है। गोदामों में मिलिंग का चावल रोजाना जमा हो रहा है। जिसकी वजह से गोदामों में चावल रखने की जगह कम पड़ गई है। दुर्ग जिले में हर महीने करीब 15 हजार मिट्रिक टन चावल की खपत होती है।

### 26 मार्च से बचे हुए हजारों हितग्राहियों को ई-पॉश से देंगे खाद्यान

जिले के पीडीएस राशन दुकानों में 26 मार्च से फिर खाद्यान वितरण शुरू हो जाएगा। इसमें जो हितग्राही मार्च महीने का खाद्यान नहीं ले पाए हैं उन्हे पहले वितरण करेंगे। उसके बाद एक अप्रैल से तीन महीने का राशन वितरण की स्थिति बनेगी। ई पॉश मशीनों में सॉफ्टवेयर में यदि कोई प्राब्लम होगी तो उसे फिर से दुरूस्त किया जा सकेगा। दुर्ग, रिसाली, भिलाई, भिलाई-3 चरोदा, दुर्ग ग्रामीण, अहिवारा, पाटन, बेरला, धमधा सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्रों के पीडीएस दुकानों से राशनकार्डधारी वापस लौट रहे है। दुकानों के बाहर राशन कार्डधारियों की भीड़ जमा हो रही है। उन्होंने बताया कि दुकानदार ई-पॉश मशीन बंद होने की वजह से खाद्यान्न अभी नहीं दे रहे है।

**सॉफ्टवेयर हो रहा अपडेट**

पूरे प्रदेशभर के पीडीएस राशन दुकानों की ई पॉश मशीनों का सॉफ्टवेयर अपडेट किए जा रहे हैं। इसलिए 21 मार्च से 25 मार्च तक खाद्यान वितरण नहीं हो पा रहा है। जो हितग्राही मार्च महीने का खाद्यान नहीं ले पाए हैं उन्हे 26 मार्च से वितरण करना शुरू कर देंगे। सरकार की मंशा है कि तीन महीने का खाद्यान एक साथ दें। इसकी तैयारी की जा रही है। अभी कोई आदेश नहीं आया है।

**-अनुराग सिंह भदौरिया**, जिला खाद्य अधिकारी दुर्ग

# बेटी ने अपने मकान में साथियों के साथ मिलकर की चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बेटी ने अपने ही मकान में सोना चांदी की जेवरात साथियों के साथ मिलकर किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।एएसपी मणीशंकरचंद्रा ने बताया कि एम. नचैय्या के मकान में 2 जनवरी को जेवरात पार हुआ था। जिसकी कीमत 8.59 लाख रुपए थी। भठ्ठी पुलिस ने पुलिस जांच में पाया कि सड़क 11, सेक्टर 2, मकान नंबर 9/ए निवासी आरोपी एम. श्यामला को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी बेटी ने सोना चांदी के जेवरता को पार कना स्वीकरा किया। जेवरात का एक हिस्सा फाइनेंस कंपनी में गिरवी पर रखना स्वीकार किया है। कब्जे से पुलिस ने करीब 7 तोला सोना जब्त किया है। जिसकी कीमत 12 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अपील किया है कि घर में कीमती सामान सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना को पुलिस को तुरंत दें।


online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**रायपुर से भिलाई की ओर आ रहे थे दंपती**



तेज रफ्तार ट्रक ने ओवर टेक करते हुए बाइक सवार दंपती को चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। पति व बच्चे को सामान्य चोट आई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वार्ड 37 सड़क 6 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी करन कुमार अपनी पत्नी भारती कुमार और अपने बच्चे के साथ रायपुर गया हुआ था। कुमार दंपती बाइक सीजी 7 सीएफ 4376 में सवार होकर रायपुर से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान भिलाई तीन थाने के सामने अज्ञात ट्रक ओवरटेक करते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार करन,भरती और बेटा आमोश सड़क में गिर पड़े। तेज रफ्तार से आ रहा ट्रक भारती के उपर से गुजर गया।

घटना में भारती की मौके पर ही मौत हो गई। पति व बेटा को घटना में सामान्य चोट आई है। शव को पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया। मृतका का पति करन एलआईसी एजेंट है। घटना की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक अपने निवास से सुबह दस बजे से रायपुर के लिए निकले थे। जहां भारती का परीक्षा था , परीक्षा दिलाने के बाद मृतका अपने बहन के घर गई थी। खाना खाने के बाद कुमार दंपत्ति बाइक से भिलाई आने के लिए निकले थे। देर शाम भिलाई तीन में सड़क हादसा हो गया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
दुर्ग - भिलाई शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 2000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## तली हुई चीजों में लिया जा रहा 5 से 10 रुपए अधिक

# सिलेंडर की किल्लत से खानपान की चीजों में दुकानदार लगा रहे गैस टैक्स, लोगों को महंगा पड़ रहा है स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कामर्शियल गैस सिलेंड नहीं मिलने और डोमेस्टिक की शार्टेज ने लोगों के स्वाद को महंगा कर दिया है। मार्केट में दुकानदार भजिया, समोशा, मोमोज, डोसा और अन्य फास्ट फूड के आइटम में गैस की शार्टेज के चलते 5 से 10 रुपए अधिक ले रहे हैं।

मार्केट में फास्ट फूड आइटम पर अधिक चार्ज लेने की सच्चाई जानने के लिए जब कुछ दुकान में जाकर देखा गया एक चाट दुकान में चाट वाले ने गुपचुप का रेट तो नहीं बढ़ाया, लेकिन चाट का रेट नार्मल 5 और टमाटर डालकर स्पाइसी बनाने पर 10 रुपए अधिक लिया। पूछने पर बताया कि गैस की शार्टेज हैं। ब्लैक में 2500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। रेट नहीं बढ़ाएंगे तो कमाई ही नहीं होगी। इसी तरह कैलाश नगर भिलाई में स्नैकोलॉजी नाम से मोमोज की दुकान के संचालक पूर्वी कुमारी और निर्मल प्रसाद ने बताया कि गैस की किल्लत है। महंगे रेट में गैस सिलेंडर लाना पड़ रहा है। इसलिए यदि कोई स्टीम मोमोज ले रहा है तो उन्होंने अभी रेट नहीं बढ़ाया, लेकिन अगर कोई फ्राई मोमोज मांगता है तो एक प्लेट के पीछे 5 रुपए अधिक लिया जा रहा है, जिससे वो उस पर लगने वाले खर्च को मैनेज कर सकें।




**इस तरह से बढ़े हैं दाम**

| सामान पहले | वर्तमान रेट | लेट |
|---|---|---|
| मोमोज | 20 रुपए प्लेट | 25 रुपए प्लेट |
| समोसा | 20 रुपए प्लेट | 25 रुपए प्लेट |
| बिरियानी | 60 रुपए हाफ | 80 रुपए हाफ |
| डोसा | 25 रुपए नर्मल | 30 रुपए नॉर्मल |
| चाट | 20 रुपए प्लेट | 25-30 रुपए |



### चाय के रेट भी बढ़े

गैस की किल्लत के चलते कई दुकान संचालकों ने चाय के दाम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने जहां 10 रुपए की स्पेशल चाय को कम देना शुरू कर दिया है, तो 5 रुपए की चालू चाय का रेट भी 7 से 10 रुपए लेना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि पांच रुपए की चाय में गैस का खर्च भी नहीं निकलेगा तो कैसे करें।

### होटलों में खाने का भी बढ़ा रेट

केवल फास्ट फूड के ढेलों में ही रेट नहीं बढ़े बल्कि होटलों में भी नाश्ता और खाने का दाम बढ़ा दिया गया है। होटल संचालकों का कहना है कि उनके यहां गैस की खपत काफी अधिक है। महंगे रेट में चलाने पर फायदा नहीं होगा इसलिए खानेपीने की चीजों का रेट बढ़ाना मजबूरी है।

# हरिभूमि

रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




**लाइव इवेंट**

## भोरमदेव महोत्सव में आद्या पांडे की प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चयनित भिलाई की प्रतिभाशाली बेटी आद्या पांडे ने वर्ष 2026 की अपनी पहली मंचीय प्रस्तुति कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध भोरमदेव महोत्सव से की, जहां उनकी भरतनाट्यम प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। भोरमदेव महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आद्या पांडे की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की उनकी भावपूर्ण एवं मनमोहक प्रस्तुति ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कबीरधाम सहित अन्य जिलों एवं विभिन्न राज्यों से पहुंचे अतिथियों और कला प्रेमियों ने उनकी प्रस्तुति की जमकर सराहना की। महज 17 वर्ष की आयु में आद्या ने अपनी साधना, सशक्त अभिव्यक्ति और प्रभावशाली भाव-भंगिमाओं से मंच पर ऐसा वातावरण निर्मित किया कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कवर्धा के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने उत्साहवर्धन किया। आद्या अब तक 27 राष्ट्रीय एवं एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा, नृत्य श्रेष्ठ एवं नृत्य गौरव सम्मान जैसे कई प्रतिष्ठित अलंकरणों से नवाजा गया है। उनके पिता दिनेश पांडे भिलाई इस्पात संयंत्र में विद्युत विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सोनिया पांडे गृहिणी हैं।

**सिटी इवेंट**

## भिलाई में आज भव्य वसंत उत्सव होंगी नृत्य, संगीत और काव्य प्रस्तुतियां

**भिलाई।** इस्पात नगरी की प्रतिष्ठित कला-सांस्कृतिक संस्था गीत वितान कला केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वसंत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 22 मार्च रविवार को सुबह 9:30 बजे स्वामी आत्मानंद उद्यान एवं खेल परिसर, मरोदा सेक्टर भिलाई में आयोजित होगा। नगर पालिक निगम रिसाली-भिलाई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शांति निकेतन (बोलपुर) की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप वसंत ऋतु पर आधारित संगीत, नृत्य एवं काव्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें भिलाई के विभिन्न संगीतिक समूहों तथा गीत वितान के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रकृति के रंगों को कैनवास पर उकेरती चित्रकला प्रदर्शनी होगी, जो दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित करेगी। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रजनी सिन्हा ने सभी कला प्रेमियों, साहित्यकारों एवं शहरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

**सिटी इवेंट**

## विद्यालय जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व, स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**भिलाई।** विद्यालय जीवन हमें सिर्फ शिक्षा का बड़ा महत्व होता है। यहां जीवन से जुड़े सभी विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जिसमें खेलकूद, बौद्धिक चर्चा, अन्य कलाकृतियों जिसमें विद्यालयीन छात्राओं को श्रेष्ठ करने का प्रतियोगिता है। जिसमें बेहतर करने वाले छात्र पुरस्कृत होते हैं। इससे जीवन में कई प्रेरणा भी मिलती है। उक्ताशय की बाते नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने जामुल स्थित सेजस स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह में कहा है। इस दौरान प्रतियोगिताओं में शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल ने सांसद खेल महोत्सव शिक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किय था। जिसमें स्कूल के 60 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगिता में सफल हुए है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के मुख्य आतथ्यि में पुरस्कार वितरण किया गया। स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकाओं ने अतिथियों का आभार जताया है। समारोह में पार्षद संजय देशलहरे, तुलाराम टंडन, सुनिता देवांगन, शिक्षक शक्षिकाओं में वंदना शर्मा, धनराज साहू, रीता दुबे, मोना राय, प्रीतम बंछोर, कविता पाण्डेय, सुशीला कौशल, निक्की दुबे, नमिता मिश्रा, भावना वर्मा, असिति तिर्की, नमिता दीवान मौजूद थे।

### लक्ष्मी बनी कोषाध्यक्ष, मिली नई जिम्मेदारी



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने जामुल निवासी लक्ष्मी देवी वर्मा को कोाध्यक्ष नियुक्त किया है। लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और भरोसा से जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसी भरोसा के साथ जिम्मादेरी को पूरा करुंगी। लक्ष्मी जामुल नगर पालिका की पूर्व उपाध्यक्ष हरिश वर्मा की पत्नी हैं। जामुल क्षेत्र में लक्ष्मी द्वारा कई सामाजिक कार्य कर महिलाओं को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करती आई है।

● सर्वधर्म के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद, अमन के लिए दुआओं में उठे हाथ

# ट्विनसिटी में बिखरी ईद उल फितर की रौनक, मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज, हिंदू-मुस्लिम ने दिया प्रेम और भाईचारे का संदेश

**ईद उल फितर पर भिलाई-दुर्ग सहित जिले की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से रौनक रही। ईद की विशेष नमाज में हजारों की तादाद में लोग जुटे। नमाज के बाद मुस्लिम भाईयों को मुबारकबाद देने ईदगाह-मस्जिदों में राजनेताओं से लेकर विभिन्न समाज व जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अफसर पहुंचे। वहीं घरों में भी देर रात तक मुबारकबाद का सिलसिला चलता रहा। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में हाफिज इकबाल अंजुम हैदर की इमामत में हजारों लोगों ने नमाज अदा की। ईदगाह सेक्टर-6 में इस बार नमाजियों की तादाद सबसे ज्यादा रही। ऐसे में ईदगाह के बाजू मैदान में भी लोगों ने नमाज अदा की। कमेटी ने नमाजियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए आइंदा साल से और बेहतर इंतजाम करने का भरोसा दिलाया है।**



**भिलाई।** ईदुल फितर की नमाज के बाद इमाम हैदर ने खुत्बा पढ़ा। वहीं भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सालाना रिपोर्ट सदर मिर्जा आसिम बेग ने पेश की।

इस दौरान ईद की नमाज के बाद दुआएं की गई। जिसमें मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआओं पर हजारों हाथ उठे। ईदगाह सेक्टर-6 में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक बदरुद्दीन कुरैशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, टीआई जितेंद्र वर्मा, प्रशांत मिश्रा के अलावा कांग्रेस नेता इरफान खान, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दत्ता, बौद्ध समाज से जी डी राऊत, डॉ नागवंशी ,शिवशरण पानतावणे ,तरुण भिवगडे, सागर गजभिये, अतुल घरडे, भिमराव पाटील, विरेंद्र गजभिये और गौतम खोब्रागडे सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधि पहुंचे थे। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सभी का सेवईयों से मुंह मीठा कराया गया। शेर-ए-खुदा ईदगाह मैदान में ईद की नमाज हजरत अल्लामा मौलाना हाफ़िज़ ताज़ीम रज़ा मिस्बाही ने अदा कराई। सालाना रिपोर्ट भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी ने पेश की। हाजी एमएच सिद्दीकी ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के साथ दिगर कौम व मिल्लत के हमवतनों को ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह फरीद नगर, ईदगाह रिसाली, गौसिया मस्जिद कैम्प-1, अशरफी मस्जिद खुर्सीपार, मदनी मस्जिद जोन 1/2 खुर्सीपार,रजा जामा मस्जिद कैंप 2, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड ईदगाह मैदान, अशरफी मस्जिद रूआबांधा,मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2, मदनी मस्जिद फरीद नगर, मरकज सुपेला मस्जिद नूर और जामा मस्जिद हुडको सहित जामुल, चरोदा, भिलाई-तीन व कुम्हारी सहित आसपास की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई।

### रमजान की तरह गुजारें बाकी 11 महीने : अमीन

ईदुल फितर के मौके पर मर्कजी मस्जिद पावरहाउस कैम्प 2 में आवाम से खिताब करते हुए मौलाना सैय्यद फैसल अमीन ने कहा कि माहे रमजान मुबारक मे जिस तरह हम सभी ने अपने आप को गुनाहों से बचने हर कोशिश की इसी तरह बाकी ग्यारह महीने ईमानदारी भलाई और गुनाह से बचते हुए गुजारना है। यहां ईद की नमाज हाफिज क़ासिम बस्तवी ने अदा कराई ओर सूबे छत्तीसगढ़ व मुल्क हिंदुस्तान के खुशहाली अमन चैन तरक्की की दुआएं की गई। सदर मोहम्मद असलम, नायब सदर इमामुद्दीन पटेल, सेकेट्री सैय्यद असलम, नायब सेक्रेटरी मोहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे। जामा मस्जिद दुर्ग के इमाम रहे हजरत अफजलुद्दीन हैदर का उर्स मुबारक 23 मार्च सोमवार को सुबह कब्रिस्तान हैदरगंज में मनाया जाएगा। चांद की तारीख के मुताबिक 3 शव्वाल को होने वाले इस उर्स में हजरत हैदर के चाहने वाले बड़ी तादाद में इकट्ठा होंगे। यहां सुबह 7 बजे से कुरआन ख्वानी के साथ आयोजन शुरू होगा। उर्स में फातिहा ख्वानी होगी और हजरत हैदर की हालाते-जिंदगी पर आलिमे दीन रोशनी डालेंगे।




### ईदगाह पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने मुस्लिम भाइयों को दी मुबारकबाद



**दुर्ग।** शनिवार को ईद-उल-फितर की खुशियां बिखरी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह मैदान और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा कर प्रदेशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। मुस्लिम भाईयों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम भाईयों को बधाई देने पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अलताफ अहमद, समाजवादी पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष कौसर खान, कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार पाली, पूर्व पार्षद राजकुमार वर्मा, नंदू महोबिया, पप्पू श्रीवास्तव के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि ईदगाह मैदान गंजपारा पहुंचे। यहां उन्होंने मुस्लिम भाईयों से मुलाकात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा तकियापारा मैदान में ईद की विशेष नमाज अदा की गई।

## श्रवण चोपकर ने बनाया बिना जोड़ लकड़ी का राम धनुष, लगे हैं 7 तीर भी

**भिलाई।** भिलाई के सेक्टर 2 निवासी हस्तशिल्पी श्रवण चोपकर लकड़ी पर नक्काशी के इतने बड़े कारीगर हैं कि उन्होंने बिना किसी जोड़ और दूसरी लकड़ी का उपयोग किए कई चीजों को बनाया है। इसमें उनका राम धनुष जिसे उन्होंने बेजोड़ कोदंड नाम दिया राम नवमी के अवसर पर विशेष रूप से तैयार किया था। चोपकर बताते हैं कि भगवान श्री रामजी के धनुष को कोदंड कहा जाता है। उनकी ये कलाकृति श्री राम को समर्पित है। इस धनुष तो डेढ़ इंच मोटे एक सागौन की लकड़ी से बनाया गया है। यह धनुष पांच फीट लंबा और एक फीट चौड़ा है। इसकी खासियत यह है कि इसमें सात तीरों का निर्माण भी किया गया है, जो कि प्रकाश में सात रंग, संगीत में सात सुर, विवाह में सात फेरे, संसार में सात अजूबे, सात समुद्र, सप्ताह में सात दिवस जैसे जीवन में विविधता, वैभव, उल्लास, उमंग और उत्साह का प्रतीक हैं को समाहित किया गया है। इसमें 6 तीर एक समान आकार के है जिन्हें आवश्यकतानुसार घुमाकर धनुष की कमान में छिपाया और प्रदर्शन के समय बाहर निकाला जा सकता है। मध्य में सातवां व मुख्य तीर काफी बड़े आकार का है। इसे लकड़ी की प्रत्यंचा के सहारे ऊपर नीचे किया जाता है। इन तीरों से लोभ, मोह, द्वेष, ईर्ष्या, छल, कपट, परनिंदा जैसी बुराईयों का नाश कर जीवन को खुशहाल बनाने का संदेश दिया गया है। जोड़ न होने के बावजूद सभी तीरों तथा प्रत्यंचा का मुव करना कलाकृति की मुख्य विशेषता है।



■ रामनवमी पर विशेष, हस्तशिल्प चोपकर को मिल चुका है सिद्धहस्त शिल्पी पुरस्कार

### कौन है शिल्पकार श्रवण चोपकर

श्रवण चोपकर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मी रह चुके हैं। उन्हें वर्ष 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश हस्तशिल्प कला विकास निगम द्वारा सिद्धहस्त शिल्पी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। चोपकर निर्जिव लकड़ी के एक टुकड़े मात्र से बिना किसी जोड़ के किसी विषय विशेष आकृति देने की क्षमता रखते हैं।

## डॉ. अजय को आईएमए का राज्य स्तरीय पुरस्कार



**दुर्ग।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस बालाजी मेडिकल कॉलेज रायपुर में आयोजित किया गया। प्रदेश के लगभग 200 डॉक्टरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में चर्म व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता को उनकी लिखी 16वीं ई पुस्तक के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके लिए डॉ. अजय गुप्ता को बहुत से डॉक्टरो व सामाजिक संगठनों ने बधाई दी। इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यौन रोगों पर व्याख्यान भी दिया। साथ ही कांफ्रेंस में प्रकाशित स्मारिका मैं स्वस्थ त्वचा के लिए सनस्क्रीन का उपयोग करने के लिए लेख भी प्रकाशित हुई। डॉ. अजय गुप्ता की किताब वेबसाइट www.drajaygupta.com पर निशुल्क उपलब्ध है।

**एफएसएनएल और स्वरूपानंद सरस्वती कॉलेज का संयुक्त आयोजन**

# आधुनिक युग में कृत्रिम बुद्धिमता विषय पर लेखन के विजेता हुए सम्मानित, किताबें पढ़ने के लिए किया प्रेरित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड और स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक युग में कृत्रिम बुद्धिमता की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय हिंदी पत्र लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। एफएसएनएन के महाप्रबंधक पंकज त्यागी ने कहा कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड द्वारा विगत दस वषों से महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय हिंदी पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में भारत वर्ष के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता यह एक अभिनव प्रयास है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में पुस्तकों को पढ़ने, और लिखने की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमता के संदर्भ में कहा कि इसकी बौद्धिक क्षमता उतनी ही है, जितना डेटा उसमें डाला गया है। साधारण भाषा में, सहज और स्पष्ट तरीक से लेखन करना ही वास्तविक प्रतिभा का परिचायक है। आज के समय में प्रतिभा कही न कही ओझल होती जा रही है, ऐसे में इस प्रकार की स्पर्धाएं उसे मंच प्रदान करता है।



### तकनीकी युग में रिश्तों की स्थिरता हो रही कम

विशेष अतिथि डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि तकनीकी युग में जहां रिश्तों की स्थिरता कम होती जा रही है, वहीं हिंदी पत्र लेखन प्रतियोगिता का दस वर्षों तक निरंतर आयोजन होना अत्यंत सराहनीय है। पत्र लेखन से बौद्धिक एवं रचनात्मक क्षमता का विकास होता है, क्योंकि लिखने के लिए पहले गहराई से सोचना आवश्यक होता है। जितना अधिक हम सोचते हैं, उतना ही हमारे मस्तिष्क का बेहतर उपयोग होता है। इस अवसर पर प्रतियोगिता में प्रथम एकता दीवान, द्वितीय हेम कुमार यादव, तृतीय राजकुमार साहू, विशेष प्रोत्साहन कुश गायकवाड़, सांत्वना राधवेन्द्र सिंह, दामिनी, कल्पना बम्बोडे, फूलप्रित कौर, हरितिका सिन्हा को प्रदान किया गया।

### हास्य कविताओं के पाठ ने छात्रों का मनमोहा

इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने छत्तीसगढ़ी हास्य कविताओं के माध्यम से विधार्थियों का मन मोह लिया। महाविद्यालय सभागार ठहाकों से गूंज उठा। निर्णायकवंदना चैधरी और शाहिन टिकरिहा ने भी सभा को संबोधित किया। डॉ. सुनिता वर्मा ने स्वागत भाषण ने दिया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्ता पाढी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनीता वर्मा ने प्रस्तुत किया।

सिटी इवेंट

## डॉ. शर्मा को अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ शोध का सम्मान



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के साहित्य और संस्कृति जगत के जाने-माने विद्वान आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने भोपाल में आयोजित चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन में डॉ. शर्मा ने सामाजिक समरसता के आदर्श श्रीराम, वनवासी समाज के विशेष संदर्भ में विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया, जिसे सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र के रूप में चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर उन्हें सम्मान पत्र और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने डॉ. शर्मा को यह सम्मान प्रदान किया। सम्मेलन का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान और रामायण केंद्र भोपाल द्वारा, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ ब्रिटेन, अमेरिका, रूस, नार्वे, जापान, मॉरीशस और श्रीलंका सहित कई देशों के विद्वानों ने सहभागिता की। अपने शोध पत्र में डॉ. शर्मा ने भगवान श्रीराम को सामाजिक समरसता, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक बताते हुए उनके जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने सदैव समाज में समानता और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने रावण वध के बाद विभीषण को दिए गए संदेश और माता शबरी के प्रति उनके व्यवहार का उदाहरण देते हुए बताया कि श्रीराम ने जाति-पांति, ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेदभाव को कभी स्वीकार नहीं किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि श्रीराम के लिए जनमत और लोककल्याण सर्वोपरि था। गौरतलब है कि आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा इससे पहले भी देश-विदेश में कई साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता कर चुके हैं और अपनी विद्वता का परिचय दे चुके हैं। चार दिवसीय इस सम्मेलन में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्याध्यक्ष पं. रघुनन्दन शर्मा, रामायण केंद्र भोपाल के निदेशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव, संस्कृति विभाग के अधिकारी, तुलसी मानस भारती के प्रधान संपादक आचार्य प्रभु दयाल मिश्र और संपादक देवेंद्र कुमार रावत सहित बड़ी संख्या में साहित्य और संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे।

धर्म लाइव

## परमेश्वरी मंदिर प्रगतिनगर में 164 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर में परमेश्वरी माता की पूजा के साथ 164 मनोकामना ज्योतिकलश स्थापित किया गया है। मंदिर में भूमिपूजन, नवग्रह पूजा, षोडश मात्रिका पूजा, गौरी गणेश पूजा, बेदी पूजा, माता की आरती के साथ अपने-अपने मनोकामना ज्योति की स्थापना श्रद्धालुओ द्वारा स्वयं अपने हाथों से की गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान समिति के अध्यक्ष रामानंद देवांगन, कांति देवांगन सपत्नीक तथा सामाजिक जनों सपरिवार पूजा-अर्चना की। पंचमी के दिन 23 मार्च को माता की स्थापना दिवस पड़ रहा है। अतः इस दिन माता परमेश्वरी का विशेष श्रृंगार एवं पूजा अर्चना कर 101 लड्डुओं का भोग लगाया जायेगा। प्रतिदिन संध्या आरती उपरांत परमेश्वरी महिला जसगीत एवं सेवा मंडली द्वारा जसगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिदिन कार्यक्रम में सोहन लाल देवांगन, रेशम लाल देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, सत्यपाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राधेश्याम, राजू देवांगन सहित अन्य शामिल हो रहे हैं।

समाज इवेंट

## बच्चों-युवाओं के लिए नाट्य कार्यशाला शुरू, जून तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भिलाई।** कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ कवच द्वारा जून 2026 तक नाट्य, नृत्य, संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग सहित कई कला विधाओं की कार्यशालाएं चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जा रही है। 23 मार्च को नेहरू सांस्कृतिक सदन में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में वर्ल्ड डे ऑफ थिएटर फॉर चिल्ड्रेन एंड यूथ के अवसर पर इप्टा, भिलाई शाखा द्वारा सेक्टर-1 स्थित नेहरू सांस्कृतिक सदन में बाल एवं युवा प्रतिभाओं के लिए नाट्य कार्यशाला के पहले चरण की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शांतनु दासगुप्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यशाला श्रृंखला का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं को कला के विभिन्न माध्यमों से जोड़ना और उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच देना है। रंगकर्मी चारू श्रीवास्तव और रोहित रेड्डी आयोजन में विशेष रूप से शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव, कला-साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती, प्रदेश अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी सहित कई वरिष्ठ कलाकार और पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में सुमिता बासु पाटिल, मणिमय मुखर्जी और कीर्तिलता देशमुख की विशेष भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि इच्छुक बच्चे और युवा सीधे स्थल पर पहुंचकर या संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

● आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में बालाजी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# वैदिक मंत्रों के साथ अभिषेक, जीवन के छह स्वादों के साथ बालाजी मंदिर में तेलुगु समाज ने मनाया उगादि पर्व

**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में बालाजी मंदिर में जीवन के छह स्वादों के साथ तेलुगु समाज ने नव वर्ष उगादि पर्व धार्मिक सद्भाव, उत्साह और उमंग से मनाया। उगादि पर्व के एक दिन पहले पंडितों के सान्निध्य में भगवान बालाजी एवं माताओं श्रीदेवी-भूदेवी का वैदिक मंत्रों के बीच अभिषेक किया गया। गुरुवार को सुप्रभातम से शुरू हुए उगादि पर्व में पंडित गोपालाचारी ने विधिविधान से सहस्त्रनामार्चना एवं कुमकुम पूजा की। पूजोपरांत इष्टदेव के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। उसके बाद भगवान को अर्पित किए गए महानैवेद्य को प्रसाद के रूप में तथा नव वर्ष के उपलक्ष्य में बनी उगादि पच्चड़ी भक्तगणों में वितरित की गई, जिसकी सभी को प्रतीक्षा थी। शाम को आंध्र भवन में पंडित अनिल आचार्य ने पंचांग का पाठ किया, जिसे भक्तगणों ने श्रद्धापूर्वक तथा मनोयोग से सुना। पंचांग श्रवण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्व का समापन प्रमुख वरिष्ठजनों के सम्मान से हुआ।





### उगादि पच्चड़ी का सांस्कृतिक महत्व

उगादि पच्चड़ी का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है। नव वर्ष पर भगवान को अर्पित किया जाने वाला यह पहला प्रसाद है, जो यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव, चाहे वह दुख का हो या सुख का, समान भाव से स्वीकार करने का संदेश देता है। यह कड़वा, मीठा, खट्टा, तीखा, नमकीन और कसैला जैसे छह स्वादों वाली चीजों का मिश्रण है। इस पेय को कच्चा आम, नीम के फूल, पानी, गुड़, इमली का गूदा, मिर्च तथा नमक से तैयार किया जाता है।

### भरतनाट्यम ने सबका जीता दिल

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीपाराधना से हुई। सबसे पहले बी रामू ने भगवान बालाजी की स्तुति में भक्ति गीता गाया। उसके बाद नन्ही के देविशा ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में हाइलेसा गाने की धुन पर एस सीशा, एस रुचिता, एस हनिशा, श्रीराम के भक्ति गीत पर एस हेमाक्षी तथा फिल्मी गीत 'घर मोरे परदेसिया' की धुन पर पूर्णिमा, खुशी तथा वसुधा ने शानदार नृत्य पेश किया। अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव के नेतृत्व में हुए इस पर्व को सफल बनाने में उपाध्यक्ष के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उप कोषाध्यक्ष एनएस राव, संयुक्त सचिवों के लक्ष्मीनारायण, एस रवि तथा कृषणमूर्ति की खास भूमिका रही।

### समाज के प्रमुख वरिष्ठजनों का सम्मान

इस मौके पर समिति ने समाज के प्रमुख वरिष्ठजनों वाई भास्कर राव, गंगा राव, टी सहदेव, पी मुरहरि, एस धनराजू, ईएल पुन्नैय्या, के श्यामशेखर, एसवी विजयकुमार, आर श्रीनिवास राव, एमवीके रामप्रसाद, डी शंकर राव, एम जानकीराव, बीएस प्रसाद, वाई विश्वनाथ, के मोहनराव तथा केकेएसएन मूर्ति को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इनके अलावा तेरह और वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाना तय हुआ था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हो सके।

प्राथमिक शिक्षकों की कार्यशाला

## अंग्रेजी वर्तमान समय की जरूरत, इसे जानना व समझना सभी के लिए आवश्यक





**दुर्ग।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शहरी क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला साक्षरता भवन में आयोजित की गई। 55 से ज्यादा शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। यूआरसी दुर्ग नेमसिंह साहू ने कार्यशाला का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि शालाओं में अंग्रेजी विषय को प्राथमिकता प्रदान करते हुए, बच्चों को खेल-खेल में सामान्य शब्दों के उच्चारण के साथ अंग्रेजी का अधिक उपयोग कक्षा में कराएं। सभी शिक्षकों का परिचय एवं शाला में अंग्रेजी विषय में बच्चों की समझ का फीडबैक लिया।

संपर्क फाउंडेशन के राजेश साहू ने भी अंग्रेजी विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने अपने फाउण्डेशन के द्वारा टीवी एवम् रेडियो के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए कीट भी देने की बात कही,साथ ही जो शिक्षक अच्छे कार्य कर रहे उन्हें पुरस्कृत करने कार्ययोजना बनाई गई है बतलाया। डाइट दुर्ग से डॉ. नीलम दुबे ने शिक्षकों को पाठ्यपुस्तक में दिए वर्कबुक की सहायता से दक्षता लाने पर जोर दिया। डाइट द्वारा सभी शिक्षकों को वर्क बुक दिया गया। डाइट के मास्टर ट्रेनर पारुल शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। डाइट प्राचार्य मस्कले ने कहा कि अंग्रेजी विषय अब हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गया है। इसे सभी शालाओं द्वारा गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस विषय पर सेमिनार एवं प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया जाएगा। वरिष्ठ व्याख्याता डाइट दुर्ग सतेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपादित किया गया। सरस्वती देवांगन और विभू ने भी घरेलू सब्जी, उपकरण, आसपास की वस्तुओं का अंग्रेजी शब्दों में प्रयोग कर बच्चों के शब्द भंडार में वृद्धि करने से जुड़ी जनकारी दी।

भजनों की दी गई प्रस्तुति

## जुनवानी में नवरात्रि पर निकली शोभायात्रा, भक्तों ने लगाए जयकारे




**भिलाई।** विहंगम योग संत समाज द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083, सदाफलाब्द 138 के शुभ अवसर पर स्वर्वेद यात्रा का आयोजन किया गया है।

जुनवानी से शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। यह शोभायात्रा विनोबा नगर जुनवानी से निकलकर सूर्यामाल होते हुए जुनवानी चौक तक निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान ध्वज लिए भजनों की प्रस्तुति होती रही। अंत में आरती द्वारा कार्यक्रम समापन किया गया।

**विहंगम योग संत समाज ने निकाली यात्रा**

कार्यक्रम में सम्भागीय संयोजक पीएल सपहा, आरके सिंह, डीएन सिंह, मुनी लाल शर्मा, बीपी पटेल, अंगीरा साहू, कोमल साहू, बृजेश सोनी, प्रो कौलेश्वर प्रसाद, शिव कुमार साहू, उत्तम साहू, निरंजन, शिव प्रकाश, हरे राम, भागवत साहू, डॉ. दीनदयाल साहू, घुरउ साहू, थानू राम, उमा सोनी, सीमा साहू, मिथला मंथन, सुरेखा साहू, टिकेश्वरी साहू, चेवन साहू सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद थे।

शिवनाथ नदी के तट पर 23 मार्च तक सेवा शिविर, पृथ्वी पैलेस होटल के बाजू में किया जा रहा संचालित

# नवरात्रि पर पदयात्रियों के लिए अग्रवाल समाज ने लगाया हेल्थ कैम्प, विश्राम करने के साथ नाश्ते और भोजन की भी व्यवस्था

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज ने चैत्र नवरात्रि पर डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा शिविर लगाया गया है। जहां पदयात्रियों के लिए जलपान, चिकित्सा, भोजन एवं रहवास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। शिविर 23 मार्च तक शिवनाथ नदी के तट पर, पृथ्वी पैलेस होटल के बाजू में संचालित किया जा रहा है। शिविर समाज के महासचिव प्रहलाद रूंगटा की प्रेरणा से आयोजित है। महाराजा अग्रसेन महाराज द्वारा प्रदत्त एक ईंट, एक रुपया की भावना आज भी समाज को एकजुट होकर मानव सेवा के लिए प्रेरित करती है। इसी प्रेरणा से यह सेवा शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धर्मपरायणता और मानवता का जीवंत उदाहरण बन गया है। शिविर में समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव बिमल राजगढ़िया, पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, नत्थूलाल अग्रवाल सहित अन्य नियमित रूप से सेवारत हैं।





### शिविर में सामाजिक संस्थाएं भी दे रही हैं अपना सहयोग

इस सेवा शिविर में लायंस क्लब ऑफ मिड डाउन एवं मारवाड़ी महिला मंडल का भी विशेष सहयोग दिया जा रहा है। उपाध्यक्ष मुरारी अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा के भाव के साथ प्रारंभ किया गया है। मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म है, इस संदेश को लेकर यह सेवाकार्य किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि आयोजन में सामाजिक सेवा के कार्य करने वाली अन्य संस्थाएं भी सेवा दे रही हैं। नियमित रूप से अलग-अलग समय में चाय-नाश्ते के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रतिदिन 3 से 5 हजार भक्तों की सेवा की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## नशाखोरी और अपराध को लेकर हुई चर्चा



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी में बढ़ते हुए नशाखोरी, अपराध, मनरेगा बचाओ अभियान और बढ़ती हुई महंगाई को लेकर मुद्दों पर चर्चा की गई। महामंत्री राम कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जिले में बढ़ते अपराध, नशाखोरी और महंगाई को लेकर बातचीत किया गया। बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री राम सूर्यवंशी, जवाहर यादव, श्रीकांत वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

# बीएसपी से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेसियों की पदयात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 4 टाउनशिप क्षेत्र के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक सेक्टर-5 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने की। बैठक के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर 22 मार्च को प्रस्तावित पदयात्रा को लेकर भी रणनीति बनाई गई।



कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे बड़ी संख्या में इस पदयात्रा में शामिल हों। यह पदयात्रा भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के आवाहन, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के निर्देश और महापौर नीरज पाल सहित पार्षदों की उपस्थिति में सिविक सेंटर से निकाली जाएगी।

बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही सभी वार्डों में बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही वार्ड अध्यक्षों और बूथ अध्यक्षों के साथ कार्यसमिति गठन की प्रक्रिया को भी तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारियों का स्पष्ट वितरण जरूरी है, इसलिए पदाधिकारियों के बीच कार्य विभाजन भी शीघ्र किया जाएगा। बैठक में पार्षद साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, सेवन ठाकुर, आदित्य सिंह, पंकज पाल, तोषु, शिखा सिंह राय, गौरव श्रीवास्तव, अफरोज खान, सुमित सिंह और सतनाम सिंह ने अपने विचार रखे। इसके अलावा सेक्टर-6 मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, सेक्टर-5 मंडल अध्यक्ष छोटू रजक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

## सीसी रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इस कार्य के लिए 5.50 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकास खण्ड दुर्ग के अंतर्गत ग्राम जंजगिरी में श्रवण देशमुख के घर से लाभु सतनामी के घर तक आबादी पारा में सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य के संपादन के लिए क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत दुर्ग को नियुक्त किया गया है।

## गैस संकट से कई उद्योग व कारखाने प्रभावित, बैठक में हुआ विचार-विमर्श

**भिलाई।** एमएसएमई उद्योग संघ दुर्ग द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ करने और आगामी कार्ययोजना तय करने के उद्देश्य से संघ के कार्यालय भिलाई में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष केके झा ने की। बैठक में उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, व्यास प्रसाद शुक्ल, मयूर कुकरेजा, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव मेंबर विवेकानंद झा एवं आमंत्रित सदस्य चमन लाल बंसल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए ठोस रणनीतियों पर



विचार-विमर्श किया। बैठक में क्षेत्र में जारी इंडस्ट्रियल गैस संकट के गंभीर मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई। सदस्यों ने बताया कि इस संकट के कारण कई उद्योग एवं कारखाने प्रभावित हो रहे हैं। संघ की कोर कमेटी की अगली बैठक 28 मार्च शाम 4 बजे एमएसएमई उद्योग संघ कार्यालय, भिलाई में आयोजित की जाएगी। महासचिव अंकित मेहता ने सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया।

